150 YEARS OF CELEBRATING THE MAHATMA







विश्वविद्यालयीन पत्रिका

# आकलन

विशेष अंक - नरवा, गरुवा, घुरवा, बारी

**2019-20**

अंक - 03


## राष्ट्रीय सेवा योजना

## अटल बिहारी वाजपेयी विश्वविद्यालय

बिलासपुर (छ.ग.)



राष्ट्रीय सेवा योजना विशेष शिविर ग्राम तारापुर




स्मार्ट गवर्नेन्स एकदिवसीय कार्यशाला



31 अक्टूबर राष्ट्रीय एकता दिवस पर नगर के सभी इकाईयों की रैली




के.एन.कॉलेज कौरवा के स्वयंसेवक विज्ञान भवन नई दिल्ली में भारतीय छात्र संसद में भाग लिये ।

भक्तजन दर्शनार्थ आकर विश्राम कर सकते थे नए कलेवर में आश्रम को व्यवस्थित करने में महाविद्यालय के रासेयो स्वयंसेवकों के साथ मैंने भी पसीना बहाया था ।

स्वच्छ भारत समर इंटर्नशिप 2.0 के अंतर्गत 13 जुलाई 2019 को महाविद्यालय की राष्ट्रीय सेवा योजना इकाई ने आश्रम में पौधारोपण का कार्यक्रम आयोजित किया । स्वामी जी की इच्छा के अनुरुप त्रिदेव (बरगद, पीपल व नीम) के अलावा, आम, अमरुद, जामुन, बेल, नींबू, जैसे फलदार पौधों का रोपण हम सब ने मिलकर किया तथा पौधों की सुरक्षा के लिए सुरक्षा घेरा का भी निर्माण किया । हमारे कार्यो की तत्परता, तल्लीनता तथा निष्ठा को देखते हुए स्वामी जी ने हम सबको दिल से अपना आशीर्वाद प्रदान किया तथा हमारे साथ समूह चित्र भी खींचवाया।

ओंकार कल्याण सेवा संस्थान ग्राम जोबा धार्मिक आस्था का केन्द्र ही नहीं है बल्कि सर्वधर्म, समभाव, विश्वास, मन को शांत करते हुए ऊंचाईयों की ओर ले जाने वाला एक ऐसा केन्द्र है जहां आयुर्वेद के माध्यम से लोगों का उपचार करते हुए स्वस्थ व दीर्घायु होने की भी सीख दी जाती है । आश्रम में स्वामी जी की मौजूदगी तथा गैर मौजूदगी में तन मन से सेवा करते हुए मैंने यह महसूस किया कि यहां आकर अलौकिक आनंद, आत्मिक सुख व शांति पाई जा सकती है और दुनिया को वसुधैव कुटुम्बकम के साथ मानवता की सेवा का संदेश देने का कार्य किया जा सकता है । यह पुनीत कार्य इसलिए संभव हो सका क्योंकि हमारे पास राष्ट्रीय सेवा योजना जैसा एक संगठन है जो समुदाय के बीच जाकर निस्वार्थ सेवा को स्वीकार करता है तथा उसे अपनी ऊर्जा से नई पहचान देता है । मैं स्वयं तथा आश्रम में निरंतर सेवा देने वाले सभी स्वयंसेवक इस योगदान को अपनी स्मृति में अमिट बनाकर रखेंगें तथा आश्रम से सदैव जुड़कर सेवा के कार्य करते रहेंगें । स्वामी जी ने हमसे यह गुजारिश की है कि 2019 का विशेष शिविर आश्रम परिसर में ही आयोजित किया जाए ताकि स्वयंसेवक ओंकार महाकाल मंदिर के चारों ओर एक बावड़ी का निर्माण कर सके तथा आश्रम को व्यवस्थित व हरा-भरा करने में अपना योगदान कर सके । मुझे विश्वास है कि स्वामी जी की यह मंशा अवश्य पूरी होगी तथा हम सबको एक धार्मिक, आध्यात्मिक व लोक सेवा के पुनीत केन्द्र में सेवा करते हुए धन्य होने का सौभाग्य मिलेगा ।

## एन.एस.एस. इकाई, सी.एम. दुबे स्नातकोत्तर महाविद्यालय बिलासपुर की गतिविधियाँ

डॉ. पी.एल. चन्द्राकर, डॉ. के.के. शुक्ला
रा.से.यो. कार्यक्रम अधिकारी

भारत सरकार के खेल एवं युवा मंत्रालय द्वारा 24 सितंबर 1969 से संचालित राष्ट्रीय सेवा योजना की इकाई सी.एम.दुबे महाविद्यालय में सन् 1977 से संचालित है। पिछले चार वर्षो में हमारी इकाई के गोद ग्राम नेवसा, बिलासपुर नगर एवं महाविद्यालय परिसर में हरियाली, स्वच्छता, नशामुक्ति, साक्षरता, स्वास्थ्य, पर्यावरण एवं जैविक कृषि के लिये उल्लेखनीय कार्य कर लगातार तीन वर्षो से अटल बिहारी वाजपेयी विश्वविद्यालय, बिलासपुर, उच्च शिक्षा विभाग छ.ग. शासन एवं केन्द्र सरकार से प्रथम पुरस्कार प्राप्त कर प्रदेश एवं देश में नई पहचान बनायी है। हमारे स्वयं सेवकों के कार्यो को राष्ट्रीय चैनल इण्डिया टी.वी. में दो बार, इण्डिया न्यूज में तथा प्रसिद्ध अखबार दैनिक भास्कर के मुख्य पृष्ठ पर मुख्य समाचार बनाया गया है। इसके अलावा सभी अखबारों ने इकाई के गतिविधियों को प्रमुखता से प्रकाशित किया । हमारी इकाई की पिछले 04 वर्षो की प्रमुख गतिविधियाँ निम्नानुसार है -

### गोद–ग्राम नेवसा में (2015–2019)

1. **गोद ग्राम नेवसा में शौचालय निर्माण** – 62 आदिवासी एवं पिछड़े परिवारों के लिये युवा स्वयं सेवक विशेष सात दिवसीय शिविर (2015) एवं एक माह की ग्रीष्मकालीन शिविर (2016) आयोजित कर निःशुल्क शौचालय बनाकर, ग्राम को खुले शौचमुक्त (ODF) बनाया। ग्राम के सभी परिवार स्वच्छ भारत के नारे को चरितार्थ कर रहे हैं। (कुल लागत

लगभग 8 लाख रूपये, वित्तीय सहायता एस.ई.सी.एल. बिलासपुर, महाविद्यालय प्रशासन, छात्र एवं प्राध्यापक)

2. **फलोद्यान का विकास (2017)** :— वन विभाग से एक एकड़ भूमि की अनुमति प्राप्त कर सिंचाई सुविधा युक्त फलोद्यान का विकास किया गया। इस उद्यान में लगभग 400 पौधे अमरुद, आम, करौदा, जामुन, बेल, इमली, बेर, कटहल इत्यादित रोपे गये हैं। इस प्रकार इस उद्यान के माध्यम से शासन के बारी योजना को साकार किया गया । (कुल लागत लगभग 1.50 लाख रुपये) उद्यान रोपण का उद्देश्य हरियाली बढ़ाना एवं कुपोषण पर नियंत्रण करना है।

3. **असंगठित कर्मकारों का निःशुल्क पंजीयन रथ यात्रा (2017)** :— इस यात्रा में स्वयं सेवक राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण (छ.ग.) के हाईटेक बस पर कोटा विकासखण्ड के 05 पंचायतों के 11 ग्रामों के 883 व्यक्तियों का निःशुल्क ऑनलाईन पंजीयन कर उन परिवारों को सरकार के 24 योजनाओं के लाभार्जन से जोड़ा गया।

4. **स्लूज एवं नहर निर्माण (2018)** :— गोद ग्राम नेवसा के माचाडोली तालाब के जल संरक्षण एवं उपयोग हेतु स्वयं सेवकों ने एक स्लूज एवं 110 मीटर नहर बनाया । (कुल लागत 1 लाख रुपये)

5. **नशामुक्ति रथ यात्रा (2018)** :— महाविद्यालय के युवा स्वयं सेवकों ने ग्राम नेवसा सहित आस-पास के 05 ग्रामों में हाईटेक बस द्वारा एक सप्ताह तक फिल्म दिखाकर भाषण व पोस्टर द्वारा नशा मुक्ति अभियान चलाया और ग्राम के लोगों को नशा न करने हेतु जागरुक किया।

6. **तालाब एवं मंदिर निर्माण (2019)** :— गोद ग्राम नेवसा में किसान से एक एकड़ भूमि पर स्वीकृति प्राप्त कर आम निस्तारी हेतु तालाब एवं तालाब तट पर नर्मदेश्वर शिव मंदिर बना कर ग्राम में जल संरक्षण एवं आध्यात्म के प्रति जागरुकता लाया गया।

7. **बिलासपुर जिला के बैगा ग्रामों में विधिक साक्षरता रथ यात्रा (2019)** :— छ.ग. राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण के मार्गदर्शन पर जिले के बैगा आदिवासी ग्राम नेवसा, नकटाबांधा, शिवतराई, दानोखार, धनरास, दवनपुर, सरईपाली आदि ग्रामों को हाईटेक बस द्वारा फिल्म, भाषण पाम्पलेट के माध्यम से सैकड़ों बैगा लोगों को विधिक रुप से साक्षर किया।

8. गोद ग्राम इकाई के द्वारा सत्र 2019-20 में गोद ग्राम में 101 पीपल के पौधों का रोपण कर पीपल उद्यान का विकास किया जा रहा है इससे आक्सीजोन बनेगा तथा यह उद्यान प्रदेश का अनुठा उद्यान होगा क्योंकि एक ही स्थान पर 101 पीपल के वृक्ष मिलते नहीं है।

9. **अन्य गतिविधियाँ** :— इसके अलावा विगत वर्षो में महाविद्यालय द्वारा मतदान जागरुकता अभियान, नशा मुक्ति रैली, रक्तदान शिविर, गोद ग्राम एवं महाविद्यालय में विधिक साक्षरता एवं स्वास्थ्य शिविर तथा महिला सशक्तिकरण हेतु रैली एवं कार्यशाला का आयोजन किया गया। इसके अलावा विश्वविद्यालय के एन.एस.एस. यूनिट के द्वारा छत्तीसगढ़ के लोक नृत्य की सी.डी. एवं गोद ग्राम के कार्यो का ''बदली सोच बदली तस्वीर'' नामक पुस्तक का प्रकाशन किया गया। महाविद्यालय के एन.एस.एस. इकाई के स्वयं सेवक, जिला विधिक सेवा प्राधिकरण से जुड़कर प्रतिवर्ष पैरालीगल वालेटियर बनते हैं अर्न एवं लर्न की परिभाषा को चरितार्थ करते हैं।

महाविद्यालय के एन.एस.एस. के स्वयं सेवकों को जिला स्तर, विश्वविद्यालय स्तर, राज्य स्तर पर सांस्कृतिक गतिविधियों में कई बार प्रथम एवं द्वितीय पुरस्कार प्राप्त है। महाविद्यालय के कार्यक्रम अधिकारी एवं राज्य शासन द्वारा श्रेष्ठ पुरस्कार कार्यक्रम अधिकारी तथा खेल एवं युवा कल्याण विभाग द्वारा नेशनल यंग लिडर्स पुरस्कार मिला है।